**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1173**
**दिनांक 09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**जनजातीय समुदायों में क्षयरोग के मामले**

**1173. श्री राम मोहन नायडू किंजरापु:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने क्षय रोग के संबंध में योजनाओं/पहलों के कार्यान्वयन और देश में विशेषकर जनजातीय समुदायों से संबंधित लोगों में इसके उपचार के संबंध में कोई अनुसंधान/अध्ययन/सर्वेक्षण किया है;
(ख) यदि हां, तो भारत में विशेषकर जनजातीय समुदायों से संबंधित लोगों के लिए क्षय रोग के उपचार और दवाओं के संबंध में शुरू की गई योजनाओं/पहलों की सूची के सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है;
(ग) देश में क्षय रोग से पीड़ित जनजातीय समुदायों के लोगों की आन्ध्र प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;
(घ) विगत चार वर्षों के दौरान जनजातीय समुदायों से सम्बंधित लोगों के लिए क्षय रोग की दवाओं और उपचार के लिए आबंटित और उपयोग की गई निधि के सम्बन्ध में आन्ध्र प्रदेश सहित वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या देश में क्षय रोग के रोगियों में एचआईवी की व्याप्तता दर बहुत अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र- वार ब्यौरा क्या है; और
(च) विगत चार वर्षों के दौरान सामान्य और जनजातीय जनसंख्या के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में इनकी रैंकिंग का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (च ):, सरकार ने वर्ष 2019-21 के दौरान 20 अलग-अलग राज्यों/राज्यों के समूह में उप-राष्ट्रीय स्तरों पर टीबी के भार का पता लगाने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के माध्यम से "राष्ट्रीय टीबी व्याप्तता सर्वेक्षण" किया है। सरकार जनजातीय समुदायों सहित संपूर्ण देश में टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) का कार्यान्वयन करती है। एनटीईपी के अंतर्गत जनजातीय/पहाड़ी/दुर्गम क्षेत्रों में अतिरिक्त प्रावधान कार्यान्वित किए जाते हैं जो निम्नवत हैं

1) टीबी कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (टीबी इकाई)- प्रत्येक 2 लाख सामान्य जनसंख्या के लिए 01 इकाई की तुलना में जनजातीय, पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में प्रत्येक 1 लाख जनसंख्या के लिए 01 इकाई

2) टीबी के निदान के लिए माइक्रोस्कोपी केन्द्र - प्रति 1 लाख सामान्य जनसंख्या पर 01 की तुलना में जनजातीय, पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में से प्रति 50,000 जनसंख्या पर 01 इकाई

3) जनजातीय/ पहाड़ी / दुर्गम क्षेत्रों के रोगियों को रोगी और परिचर की यात्रा लागत को कवर करने के लिए 750 रुपये (एक मुश्त) का प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है

इसके अलावा, जनजातीय क्षेत्रों में एनटीईपी द्वारा शुरू किए गए प्रमुख कार्यकलाप निम्नवत हैं:

1) ओषधि प्रतिरोधी टीबी सहित टीबी के रोगियों के लिए नि शुल्क औषधियों और नैदानिक सामग्रियों का प्रावधान करना ।
2) प्रमुख रूप से कमजोर और सह-रुग्ण आबादी में सक्रिय टीबी मामलों की खोज के लिए अभियान
3) समुदाय के करीब स्क्रीनिंग और उपचार सेवाओं को विकेंद्रीकृत करने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर के साथ एकीकरण ।
4) आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से आयुष्मान भव, विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों के दौरान कमजोर जनसंख्या की स्क्रीनिंग करना ।
5) मॉलिक्यूलर नैदानिक प्रयोगशालाओं को उप-जिला स्तरों तक बढ़ाना।
6) टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता के लिए नि-क्षय पोषण योजना
7) कलंक को कम करने, सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने और स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में सुधार लाने के लिए गहन आईईसी अभियान।
8) सितंबर 2022 में, सरकार ने टीबी रोगियों को सामुदायिक सहायता के लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमबीए) शुरू किया, जिसका उद्देश्य टीबी से पीड़ित लोगों को अतिरिक्त पोषण, नैदानिक और व्यावसायिक सहायता प्रदान करना है।

सामान्य जनसंख्या एवं जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाली जनसंख्या में टीबी ग्रस्त पाए गए लोगों की कुल संख्या और उनमें एचआईबी पॉजिटिव पाए गए लोगों की संख्या का पिछले चार वर्षों का आन्ध्र प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I-क और I-ख में दिया गया है। एनटीईपी के अंतर्गत आबंटित और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

अनुलग्नक-I–क

सामान्य जनसंख्या और जनजातीय क्षेत्रों में अधिसूचित टीबी रोगियों का राज्य-वार ब्यौरा

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2020 | | | | 2021 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | टीबी के कुल अधिसूचित मामले | टीबी-एच आईवी सह-संक्रमित लोगों की संख्या एवं उनका प्रतिशत | जनजातीय क्षेत्रों में अधिसूचित टीबी के मामले | जनजातीय क्षेत्रों में टीबी-एच आईवी सह -संक्रमित व्यक्ति (संख्या एवं प्रतिशत) | टीबी के कुल अधिसूचित मामले | टीबी-एच आईवी सह -संक्रमित लोगों की संख्या एवं उनका प्रतिशत | जनजातीय क्षेत्रों में अधिसूचित टीबी के मामले | जनजातीय क्षेत्रों में टीबी-एचआईवी सह-संक्रमित व्यक्ति (संख्या एवं प्रतिशत) |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 491 | 4 (0.8%) | 109 | 0 (0%) | 522 | 3 (0.6%) | 85 | 1 (1.2%) |
| आंध्र प्रदेश | 64889 | 3586 (5.5%) | 8409 | 349 (4.2%) | 87817 | 4979 (5.7%) | 11818 | 471 (4%) |
| अरुणाचल प्रदेश | 2603 | 5 (0.2%) | 2603 | 5 (0.2%) | 2917 | 4 (0.1%) | 2914 | 4 (0.1%) |
| असम | 35492 | 218 (0.6%) | 6143 | 26 (0.4%) | 38208 | 288 (0.8%) | 7087 | 15 (0.2%) |
| बिहार | 102614 | 1539 (1.5%) | 10533 | 101 (1%) | 136510 | 1877 (1.4%) | 11616 | 96 (0.8%) |
| चंडीगढ़ | 2897 | 156 (5.4%) | 0 | 0 (0%) | 3245 | 175 (5.4%) | 0 | 0 (0%) |
| छत्तीसगढ़ | 29519 | 499 (1.7%) | 0 | 0 (0%) | 32772 | 498 (1.5%) | 0 | 0 (0%) |
| दादरा और नगर हवेली और दमन दीव | 773 | 13 (1.7%) | 492 | 11 (2.2%) | 764 | 11 (1.4%) | 470 | 8 (1.7%) |
| दिल्ली | 76245 | 966 (1.3%) | 0 | 0 (0%) | 85080 | 1183 (1.4%) | 0 | 0 (0%) |
| गोवा | 1647 | 50 (3%) | 0 | 0 (0%) | 2032 | 50 (2.5%) | 0 | 0 (0%) |
| गुजरात | 118851 | 2781 (2.3%) | 19664 | 282 (1.4%) | 141225 | 3228 (2.3%) | 22432 | 335 (1.5%) |
| हरियाणा | 64426 | 611 (0.9%) | 0 | 0 (0%) | 71096 | 743 (1%) | 0 | 0 (0%) |
| हिमाचल प्रदेश | 13719 | 110 (0.8%) | 315 | 0 (0%) | 14894 | 124 (0.8%) | 385 | 3 (0.8%) |
| जम्मू और कश्मीर | 8920 | 61 (0.7%) | 43 | 0 (0%) | 11061 | 36 (0.3%) | 56 | 0 (0%) |
| झारखंड | 46421 | 320 (0.7%) | 26178 | 108 (0.4%) | 53647 | 345 (0.6%) | 29446 | 168 (0.6%) |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कर्नाटक | 65115 | 4370 (6.7%) | 2268 | 136 (6%) | 71702 | 4401 (6.1%) | 2391 | 178 (7.4%) |
| केरल | 20945 | 243 (1.2%) | 883 | 4 (0.5%) | 22203 | 234 (1.1%) | 810 | 1 (0.1%) |
| लद्दाख | 246 | 1 (0.4%) | 246 | 1 (0.4%) | 327 | 1 (0.3%) | 320 | 1 (0.3%) |
| लक्षद्वीप | 17 | 0% | 0 | 0 (0%) | 20 | 0% | 0 | 0 (0%) |
| मध्य प्रदेश | 139229 | 1313 (0.9%) | 21326 | 211 (1%) | 168904 | 1565 (0.9%) | 26178 | 230 (0.9%) |
| महाराष्ट्र | 157869 | 5800 (3.7%) | 13583 | 323 (2.4%) | 195007 | 6226 (3.2%) | 15683 | 385 (2.5%) |
| मणिपुर | 1622 | 108 (6.7%) | 974 | 72 (7.4%) | 1883 | 117 (6.2%) | 958 | 65 (6.8%) |
| मेघालय | 4153 | 132 (3.2%) | 4154 | 132 (3.2%) | 4205 | 101 (2.4%) | 4205 | 101 (2.4%) |
| मिजोरम | 2148 | 264 (12.3%) | 2148 | 264 (12.3%) | 1793 | 301 (16.8%) | 1793 | 301 (16.8%) |
| नागालैंड | 3622 | 281 (7.8%) | 3622 | 281 (7.8%) | 3749 | 360 (9.6%) | 3749 | 360 (9.6%) |
| ओडिशा | 45591 | 592 (1.3%) | 19735 | 136 (0.7%) | 52276 | 592 (1.1%) | 21563 | 118 (0.5%) |
| पुडुचेरी | 1267 | 20 (1.6%) | 0 | 0 (0%) | 1409 | 30 (2.1%) | 0 | 0 (0%) |
| पंजाब | 47424 | 970 (2%) | 0 | 0 (0%) | 53177 | 1130 (2.1%) | 1 | 0 (0%) |
| राजस्थान | 137473 | 1273 (0.9%) | 16147 | 215 (1.3%) | 151026 | 1528 (1%) | 17266 | 210 (1.2%) |
| सिक्किम | 1385 | 8 (0.6%) | 0 | 0 (0%) | 1484 | 9 (0.6%) | 0 | 0 (0%) |
| तमिलनाडु | 72076 | 2435 (3.4%) | 491 | 24 (4.9%) | 85279 | 2988 (3.5%) | 480 | 34 (7.1%) |
| तेलंगाना | 63057 | 1855 (2.9%) | 8087 | 260 (3.2%) | 61046 | 1718 (2.8%) | 7342 | 261 (3.6%) |
| त्रिपुरा | 2219 | 24 (1.1%) | 198 | 3 (1.5%) | 2796 | 46 (1.6%) | 270 | 6 (2.2%) |
| उत्तर प्रदेश | 375723 | 2339 (0.6%) | 3104 | 18 (0.6%) | 467709 | 2669 (0.6%) | 3712 | 17 (0.5%) |
| उत्तराखंड | 20259 | 225 (1.1%) | 0 | 0 (0%) | 23775 | 211 (0.9%) | 0 | 0 (0%) |
| पश्चिम बंगाल | 76917 | 748 (1%) | 0 | 0 (0%) | 85130 | 884 (1%) | 0 | 0 (0%) |

डेटा स्रोत: नि-क्षय

**अनुलग्नक-I-ख**

## सामान्य जनसंख्या और जनजातीय क्षेत्रों में अधिसूचित टीबी रोगियों का राज्य-वार ब्यौरा

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2022 | | | | 2023 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | टीबी के कुल अधिसूचित मामले | टीबी-एचआईवी सह-संक्रमित लोगों की संख्या एवं उनका प्रतिशत | जनजातीय क्षेत्रों में अधिसूचित टीबी के मामले | जनजातीय क्षेत्रों में टीबी-एचआईवी सह-संक्रमित व्यक्ति (संख्या एवं प्रतिशत) | टीबी के कुल अधिसूचित मामले | टीबी-एचआईवी सह-संक्रमित लोगों की संख्या एवं उनका प्रतिशत | जनजातीय क्षेत्रों में अधिसूचित टीबी के मामले | जनजातीय क्षेत्रों में टीबी-एचआईवी सह-संक्रमित व्यक्ति (संख्या एवं प्रतिशत) |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 551 | 4 (0.7%) | 92 | 0 (0%) | 578 | 3 (0.5%) | 86 | 1 (1.2%) |
| आंध्र प्रदेश | 93166 | 4354 (4.7%) | 12551 | 388 (3.1%) | 89872 | 3631 (4%) | 7680 | 200 (2.6%) |
| अरुणाचल प्रदेश | 3024 | 16 (0.5%) | 3012 | 16 (0.5%) | 2803 | 11 (0.4%) | 2793 | 11 (0.4%) |
| असम | 48275 | 344 (0.7%) | 8549 | 26 (0.3%) | 51706 | 369 (0.7%) | 9159 | 36 (0.4%) |
| बिहार | 166943 | 2183 (1.3%) | 14582 | 118 (0.8%) | 190790 | 2277 (1.2%) | 13406 | 108 (0.8%) |
| चंडीगढ़ | 3778 | 157 (4.2%) | 0 | 0 (0%) | 4233 | 162 (3.8%) | 0 | 0 (0%) |
| छत्तीसगढ़ | 39312 | 564 (1.4%) | 0 | 0 (0%) | 38913 | 500 (1.3%) | 0 | 0 (0%) |
| दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव | 919 | 10 (1.1%) | 565 | 7 (1.2%) | 865 | 10 (1.2%) | 501 | 5 (1%) |
| दिल्ली | 88500 | 1514 (1.7%) | 0 | 0 (0%) | 88696 | 1215 (1.4%) | 0 | 0 (0%) |
| गोवा | 2069 | 69 (3.3%) | 0 | 0 (0%) | 2026 | 40 (2%) | 0 | 0 (0%) |
| गुजरात | 147978 | 3052 (2.1%) | 24486 | 317 (1.3%) | 140586 | 2494 (1.8%) | 23724 | 253 (1.1%) |
| हरियाणा | 78019 | 818 (1%) | 0 | 0 (0%) | 80525 | 896 (1.1%) | 0 | 0 (0%) |
| हिमाचल प्रदेश | 16550 | 104 (0.6%) | 452 | 0 (0%) | 16019 | 104 (0.6%) | 385 | 1 (0.3%) |
| जम्मू और कश्मीर | 11963 | 61 (0.5%) | 73 | 0 (0%) | 11727 | 47 (0.4%) | 70 | 0 (0%) |
| झारखंड | 59946 | 361 (0.6%) | 33412 | 171 (0.5%) | 63041 | 363 (0.6%) | 34952 | 169 (0.5%) |
| कर्नाटक | 79364 | 4370 (5.5%) | 2783 | 156 (5.6%) | 80175 | 4021 (5%) | 2732 | 139 (5.1%) |
| केरल | 23560 | 231 (1%) | 909 | 2 (0.2%) | 21768 | 232 (1.1%) | 832 | 1 (0.1%) |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लद्दाख | 348 | 0% | 333 | 0 (0%) | 345 | 0 (0%) | 330 | 0 (0%) |
| लक्षद्वीप | 22 | 0% | 0 | 0 (0%) | 14 | 0 (0%) | 0 | 0 (0%) |
| मध्य प्रदेश | 189980 | 1572 (0.8%) | 30229 | 253 (0.8%) | 186560 | 1530 (0.8%) | 29223 | 257 (0.9%) |
| महाराष्ट्र | 231649 | 6317 (2.7%) | 21074 | 354 (1.7%) | 224303 | 5335 (2.4%) | 19786 | 322 (1.6%) |
| मणिपुर | 2652 | 144 (5.4%) | 1022 | 72 (7%) | 2537 | 115 (4.5%) | 915 | 55 (6%) |
| मेघालय | 4943 | 149 (3%) | 4944 | 149 (3%) | 4899 | 128 (2.6%) | 4905 | 128 (2.6%) |
| मिजोरम | 2104 | 311 (14.8%) | 2104 | 311 (14.8%) | 2304 | 290 (12.6%) | 2304 | 290 (12.6%) |
| नागालैंड | 4246 | 400 (9.4%) | 4247 | 400 (9.4%) | 4307 | 378 (8.8%) | 4308 | 377 (8.8%) |
| ओडिशा | 60138 | 703 (1.2%) | 24587 | 111 (0.5%) | 61744 | 653 (1.1%) | 25279 | 123 (0.5%) |
| पुडुचेरी | 1528 | 28 (1.8%) | 0 | 0 (0%) | 1610 | 31 (1.9%) | 0 | 0 (0%) |
| पंजाब | 58204 | 1443 (2.5%) | 0 | 0 (0%) | 57450 | 1325 (2.3%) | 1 | 0 (0%) |
| राजस्थान | 170426 | 1788 (1%) | 20922 | 216 (1%) | 165801 | 1519 (0.9%) | 21547 | 216 (1%) |
| सिक्किम | 1428 | 13 (0.9%) | 0 | 0 (0%) | 1400 | 5 (0.4%) | 0 | 0 (0%) |
| तमिलनाडु | 96261 | 3100 (3.2%) | 556 | 25 (4.5%) | 100276 | 2707 (2.7%) | 567 | 24 (4.2%) |
| तेलंगाना | 73272 | 1866 (2.5%) | 8110 | 228 (2.8%) | 74896 | 1200 (1.6%) | 7330 | 134 (1.8%) |
| त्रिपुरा | 3315 | 56 (1.7%) | 287 | 6 (2.1%) | 3571 | 56 (1.6%) | 334 | 2 (0.6%) |
| उत्तर प्रदेश | 537804 | 2907 (0.5%) | 3875 | 23 (0.6%) | 642089 | 3011 (0.5%) | 4543 | 29 (0.6%) |
| उत्तराखंड | 27498 | 233 (0.8%) | 0 | 0 (0%) | 26644 | 228 (0.9%) | 0 | 0 (0%) |
| पश्चिम बंगाल | 96239 | 1117 (1.2%) | 0 | 0 (0%) | 103352 | 1186 (1.1%) | 0 | 0 (0%) |

डेटा स्रोत: नि-क्षय

अनुलग्नक-II

## राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम

## राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार आवंटन और उपयोग

(करोड़ रु में)

| | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24* | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटन | उपयोग | आवंटन | उपयोग | आवंटन | उपयोग | आवंटन | उपयोग |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 50.79 | 69.80 | 55.87 | 77.55 | 17.29 | 17.29 | 19.02 | 18.83 |
| 2 | अंडमान और निकोबार | 1.87 | 0.61 | 2.06 | 0.76 | 0.87 | 0.87 | 0.96 | 0.96 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 16.21 | 22.03 | 17.83 | 20.17 | 6.80 | 6.80 | 7.48 | 7.48 |
| 4 | असम | 54.35 | 74.19 | 48.28 | 49.94 | 13.04 | 13.04 | 14.35 | 14.35 |
| 5 | बिहार | 55.62 | 62.37 | 41.18 | 45.62 | 11.27 | 11.27 | 12.40 | 12.29 |
| 6 | चंडीगढ़ | 4.79 | 2.68 | 4.18 | 2.85 | 0.78 | 0.78 | 0.86 | 0.86 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 43.93 | 36.71 | 38.32 | 21.30 | 8.90 | 8.90 | 9.79 | 9.68 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 3.11 | 0.68 | 3.23 | 0.29 | 0.93 | 0.93 | 1.02 | 1.02 |
| 9 | दमन और दीव | 20.43 | 41.91 | 17.96 | 36.49 | 4.86 | 4.86 | 5.35 | 5.35 |
| 10 | दिल्ली | 2.93 | 4.13 | 3.22 | 3.76 | 0.72 | 0.72 | 0.79 | 0.78 |
| 11 | गोवा | 59.76 | 26.83 | 57.55 | 70.50 | 19.24 | 19.24 | 21.16 | 20.93 |
| 12 | गुजरात | 40.49 | 46.42 | 44.54 | 56.71 | 13.03 | 13.03 | 14.33 | 14.17 |
| 13 | हरियाणा | 15.11 | 14.46 | 16.62 | 27.36 | 3.47 | 3.47 | 3.82 | 3.78 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 21.82 | 26.03 | 23.00 | 28.24 | 2.20 | 2.20 | 2.42 | 2.42 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 30.52 | 60.38 | 42.57 | 76.58 | 8.70 | 8.70 | 9.57 | 9.47 |
| 16 | झारखंड | 63.56 | 75.64 | 69.92 | 110.04 | 25.42 | 25.42 | 27.96 | 27.65 |
| 17 | कर्नाटक | 37.85 | 37.83 | 41.63 | 27.85 | 15.60 | 15.60 | 17.16 | 16.97 |
| 18 | केरल | 4.02 | 1.42 | 3.90 | 2.23 | 1.02 | 1.02 | 1.12 | 1.12 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0.20 | 0.18 | 0.62 | 0.44 | 0.16 | 0.16 | 0.18 | 0.18 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 75.15 | 119.70 | 77.67 | 127.93 | 15.39 | 15.39 | 16.93 | 16.76 |
| 21 | महाराष्ट्र | 118.10 | 207.06 | 104.92 | 252.78 | 25.90 | 25.90 | 28.49 | 28.19 |
| 22 | मणिपुर | 25.08 | 18.34 | 23.59 | 11.71 | 6.81 | 6.81 | 7.49 | 7.49 |
| 23 | मेघालय | 10.25 | 17.13 | 11.28 | 6.51 | 3.63 | 3.63 | 3.99 | 3.99 |
| 24 | मिजोरम | 12.86 | 14.85 | 14.14 | 9.17 | 4.74 | 4.74 | 5.21 | 5.21 |
| 25 | नागालैंड | 17.35 | 17.23 | 19.09 | 14.10 | 4.40 | 4.40 | 4.84 | 4.84 |
| 26 | उड़ीसा | 47.61 | 82.02 | 52.37 | 79.17 | 10.78 | 10.78 | 11.86 | 11.74 |
| 27 | पुडुचेरी | 2.88 | 2.93 | 4.17 | 2.29 | 0.70 | 0.70 | 0.77 | 0.77 |
| 28 | पंजाब | 37.58 | 29.21 | 41.34 | 32.84 | 14.07 | 14.07 | 15.48 | 15.31 |
| 29 | राजस्थान | 40.92 | 83.20 | 40.02 | 51.19 | 16.66 | 16.66 | 18.33 | 18.14 |
| 30 | सिक्किम | 8.55 | 9.42 | 9.41 | 6.35 | 2.57 | 2.57 | 2.83 | 2.83 |
| 31 | तमिलनाडु | 89.97 | 112.41 | 64.97 | 127.59 | 15.90 | 15.90 | 17.49 | 17.31 |
| 32 | त्रिपुरा | 10.32 | 12.54 | 11.35 | 8.32 | 3.20 | 3.20 | 3.52 | 3.52 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 122.88 | 226.44 | 135.17 | 333.36 | 25.82 | 25.82 | 28.40 | 28.13 |
| 34 | उत्तराखंड | 20.24 | 16.68 | 22.27 | 22.06 | 5.19 | 5.19 | 5.71 | 5.65 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 81.28 | 109.10 | 79.40 | 128.99 | 15.37 | 15.37 | 16.91 | 16.74 |
| 36 | तेलंगाना | 47.41 | 48.77 | 52.15 | 54.23 | 12.51 | 12.51 | 13.76 | 13.61 |

नोट: 1. वर्ष 2022-23 से आवंटन और व्यय में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को नकद अनुदान शामिल नहीं है जिसे एनएचएम द्वारा सीधे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एक सामान्य पूल अर्थात आरसीएच फ्लेक्सिबल पूल के रूप में जारी किया जा रहा है। ;

2. जाति के भिन्न सभी समुदायों के लाभ के लिए निधियों का आवंटन किया जाता है 3. *उपयोग 06.02.2024 तक है।

*****